दिन– सोमवार दिनांक– 29 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. विकसित भारत– जी राम जी अधिनियम के तहत राज्यों को इस वर्ष सत्रह हजार करोड़ रुपये अधिक आवंटित किये जायेंगे। एसबीआई की रिपोर्ट से मिले संकेत।

02. उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा – भूमि सुधार जन कल्याण संवाद जारी रहेगा। सरकारी भूमि को हर हाल में अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

03. शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा – नव वर्ष के पहले महीने में शिक्षक भर्ती के चौथे चरण की रिक्तियां घोषित की जायेंगी। अधिसूचना भी जल्द जारी होगी।

04. और, पहाड़ों में बर्फबारी तथा पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की ठंड जारी। मौसम विभाग का अलर्ट – अगले तीन दिन तक लोगों को कपकंपाती ठंड से राहत नहीं।

---

विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन गारंटी (ग्रामीण) विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम के तहत अधिकांश राज्यों को पिछले सात वर्षों के औसत आवंटन की तुलना में सत्रह हजार करोड़ रुपये अधिक आवंटित होने की संभावना है। इस अधिनियम ने बीस साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम दो हजार पांच का स्थान लिया है। भारतीय स्टेट बैंक की एक शोध रिपोर्ट के अनुसार अधिनियम से राज्यों को समग्र धन वितरण में सुधार होगा। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

भारतीय स्टेट बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार विकसित भारतदृजी राम जी अधिनियम का उद्देश्य परिवर्तनकारी पद्धतियों और रणनीतियों को एकीकृत करना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके माध्यम से प्रतिस्पर्धी परियोजनाओं की पहचान, उत्पादक संपत्ति निर्माण, अधिक आय सृजन और एक कुशल निगरानी तंत्र से संबंधित चुनौतियों का समाधान करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। बैंक के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्य कांति घोष की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि विकसित भारतदृजी राम जी अधिनियम का उद्देश्य सभी स्तरों पर रोजगार सृजन, पारदर्शिता, नियोजन और जवाबदेही को सुदृढ़ करते हुए संरचनात्मक कमजोरियों को दूर करना है। संसद के शीतकालीन सत्र में विकसित भारतदृजी राम जी विधेयक 2025 पारित किया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विधेयक को अपनी मंजूरी दे दी है। यह अधिनियम प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 125 दिनों के मजदूरी रोजगार की गारंटी देता है। अंकित कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा है कि विकसित भारत– जी राम जी विधेयक योजना ग्रामीण भारत की एक बड़ी आवश्यकता को पूरा करेगी।

उन्होंने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि मनरेगा में जो बदलाव लाए गए हैं वह मजदूरों के हित में है। श्री कुशवाहा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को महात्मा गांधी से कोई मतलब नहीं है। वे केवल विरोध के लिए इस विधेयक का विरोध कर रहे हैं।

---बाइट---

---

उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि भूमि सुधार जन कल्याण संवाद जारी रहेगा।

---बाइट---

श्री सिन्हा ने कहा कि विभाग में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले अधिकारियों और कर्मियों को चिन्हित किया जाएगा और सरकारी भूमि को हर हाल में अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिलों में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोगों की समस्याएं सुनी जा रही है और कई मामलों का निष्पादन भी किया जा रहा है।

---बाइट---

इधर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राज्य में भूमि संबंधि विवादों के निपटारे और अन्य शिकायतों के समाधान के लिए एक टोल–फ्री नम्बर–**एक आठ शून्य शून्य तीन चार पांच छह दो एक पांच** जारी किया है।

---

अररिया समाहरणालय में आज भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग के प्रधान सचिव सी.के. अनिल की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न भू–अर्जन परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। प्रधान सचिव श्री अनिल ने भू–अर्जन से संबंधित सभी पुराने और लंबित भुगतान यथाशीघ्र करने के अधिकारियों के निर्देश दिये हैं। साथ ही सरकारी भूमि के दाखिल–खारिज को लेकर भी आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है।

---

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि शिक्षक भर्ती के चौथे चरण के लिए बीस जनवरी से पहले बीपीएससी को रिक्तियों का प्रस्ताव भेजा जाएगा। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री कुमार ने कहा कि भर्ती के लिए अधिसूचना भी जल्द जारी होगी। शिक्षा मंत्री ने बताया कि सात निश्चय–तीन के तहत भी सहज,

समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा राज्य सरकार की प्राथमिकता है। श्री कुमार ने कहा कि शिक्षा का बजट बढ़कर सत्तर हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि राज्य सरकार के संकल्पों में कानून का राज सबसे पहले है। श्री जायसवाल ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है।

———बाइट———

---

जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर पार्टी विरोधी कार्यों में शामिल नेताओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। जदयू के प्रदेश उमेश कुशवाहा ने पूर्णिया जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश कुमार और जिला युवा जदयू के पूर्व अध्यक्ष सचिन मेहता समेत आठ पदाधिकारियों को छह वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। इन सभी पर विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी लाइन के विपरित एनडीए गठबंधन के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ कार्य करने का आरोप है।

---

निगरानी विभाग की टीम ने सहरसा के राज्यकर आयुक्त कार्यालय में तैनात एक परिचारी शंकर को पचहत्तर हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी एक व्यवसायी से उसके बैंक खाते पर लगे होल्ड को समाप्त कराने के बदले रिश्वत की मांग कर रहा था।

---

पहाड़ों में बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के अधिकांश भागों में भीषण शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। वहीं, उत्तर–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि इकतीस दिसम्बर तक प्रदेश के अधिकतर भागों में शीत दिवस की स्थिति बनी रहेगी। साथ ही विभिन्न भागों में घना कोहरा छाये रहने की भी संभावना है। इसे लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान अररिया का फारबिसगंज राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान आठ दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

पूर्व रेलवे के जसीडीह–झाझा रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन सामान्य करने के लिए युद्धस्तर पर काम जारी है। आसनसोल रेल मंडल के जनसम्पर्क पदाधिकारी बिपला बौउरी ने बताया कि आज देर रात तक इस मार्ग पर रेल परिचालन शुरू होने की सम्भावना है। श्री बौउरी ने बताया कि आज झाझा–देवघर मेमू, झाझा–पटना मेमू और देहरादून–हावड़ा कुम्भ एक्सप्रेस समेत अट्ठाईस ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। वहीं, धनबाद–पटना इंटरसिटी, हावड़ा–नई दिल्ली दुरंतो, पटना– हावड़ा एक्सप्रेस और हावड़ा–नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस समेत चौरासी ट्रेनों का परिचालन परिवर्तित मार्ग से किया जा रहा है। गौरतलब है कि कल लाहबन और सीतारामपुर स्टेशन के बीच एक मालगाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने से दिल्ली–हावड़ा मुख्य मार्ग पर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो गया है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

---

रेलवे ने भागलपुर रेलमंडल से गुजरने वाली कई ट्रेनों के परिचालन समय में एक जनवरी से आंशिक परिवर्तन किया है। नई समय सारणी जारी कर दी गयी है। इसके अनुसार लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस भागलपुर स्टेशन से अब शाम छह बजे की जगह पांच बजकर पचपन मिनट पर रवाना होगी। बांका इंटरसिटी एक्सप्रेस सुबह छह चालीस के बजाए पांच मिनट पहले छह बजकर पैंतीस मिनट पर प्रस्थान करेगी। वहीं, सुरत हमसफर एक्सप्रेस भागलपुर से छह बजकर पैंतीस मिनट की जगह शाम छह बजकर तीस मिनट पर खुलेगी। ऐसे ही बदलाव कुछ अन्य मेल और पैसेंजर ट्रेनों के समय में भी किये गए हैं।

---

महाबोधि मंदिर समिति को दान के रूप में मिले विदेश मुद्रा के इस्तेमाल का मुद्दा अंततः सुलझ गया है। गृह मंत्रालय के विदेशी मुद्रा नियमन इकाई, एफसीआरए ने इस संबंध में स्थानीय एसबीआई की शाखा को मंदिर को प्राप्त विदेश मुद्रा का जमा स्वीकार करने के आदेश दिये हैं। महोबोधि मंदिर ट्रस्ट प्रबंधन समिति की सदस्य सचिव

महाश्वेता महारथी ने गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर इस संबंध में निर्देश देने का आग्रह किया था। इसके बाद विभिन्न देशों से आये श्रद्धालुओं की ओर से दान में दिये गए विदेशी मुद्रा को बैंक शाखा में जमा कराने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

---

लखीसराय स्थिति सौर ऊर्जा संयंत्र से विद्युत आपूर्ति के लिए उच्च क्षमता बाले ट्रांसफर्मर को चालू कर दिया गया है। ऊर्जा विभाग के सचिव और बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इस संयंत्र से हवेली खड़गपुर और लखीसराय तक नई संचरण लाइन से विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

---

हिन्दी और मैथिली के सुप्रसिद्ध साहित्यकार और आकाशवाणी, पटना के चर्चित कार्यक्रम चौपाल के लोकप्रिय किरदार मुखिया जी गौरीकांत चौधरी कांत की आज चौबीसवीं पुण्यतिथि है। इस अवसर पर उनके पैतृक गांव समस्तीपुर जिले के मुजौना में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं, सुप्रसिद्ध गायिका रीता दास की आवाज में स्वरबद्ध उनके रचित गीतों का लोकार्पण भी किया गया।

---

रोहतास जिले के नासरिगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत लाल अतीमी गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई गोलीबारी में एक युवक की हत्या मामले में पुलिस ने बारह लोगों को गिरफ्तार किया है। ये घटना पिछले शनिवार की है।

---

अररिया जिले के पलासी थाना क्षेत्र में एक युवती के अपहरण के मामले में परिजनों ने आठ लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामला दर्ज कर अपहृत की सकुशल बरामदगी के लिए छापेमारी कर रही है।

---

सुपौल जिले के राजेश्वरी थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक कार से तीन सौ चौबीस लीटर नेपाली शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

औरंगाबाद के मदरसा इस्लामिया मैदान में बढ़ते कदम संस्था की ओर से सामूहिक निकाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान दस जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। इस अवसर पर ओबारा विधायक प्रकाश चंद्र भी उपस्थित थे।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. विकसित भारत– जी राम जी अधिनियम के तहत राज्यों को इस वर्ष सत्रह हजार करोड़ रुपये अधिक आवंटित किये जायेंगे। एसबीआई की रिपोर्ट से मिले संकेत।

02. उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा – भूमि सुधार जन कल्याण संवाद जारी रहेगा। सरकारी भूमि को हर हाल में अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

03. शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा – नव वर्ष के पहले महीने में शिक्षक भर्ती के चौथे चरण की रिक्तियां घोषित की जायेंगी। अधिसूचना भी जल्द जारी होगी।

04. और, पहाड़ों में बर्फबारी तथा पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की ठंड जारी। मौसम विभाग का अलर्ट – अगले तीन दिन तक लोगों को कपकंपाती ठंड से राहत नहीं।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।